# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## फरवरी 2019




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

## आयुक्त के निर्देश पर निगम क्षेत्र में मौसमी बिमारियों (डेंगू/स्वाईन फ्लू) की रोकथाम

भिलाईनगर/ आयुक्त एस0के0 सुंदरानी के निर्देश पर निगम क्षेत्र में मौसमी बिमारियों (डेंगू/स्वाईन फ्लू) की रोकथाम/बचाव/सुरक्षा की दृष्टि से निरंतर स्वास्थ्य/जन जागरुकता शिविर का संचालन किया जा रहा है। वार्ड 40 जोरातराई, वार्ड 25 संतोषीपारा एवं वार्ड 5 लक्ष्मीनगर के गौतम नगर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कुल 233 मरीजों का पंजीयन कर (जिसमें दस्त-02, उल्टी-01, बुखार-14, अन्य-216) को रोग निरोधक दवाईयां दी गई। डेंगू/स्वाईन फ्लू से बचाव/सुरक्षा संबंधी जन समुदाय में जागरुकता लाने के लिए 435 नग पाम्पलेट का वितरण किया गया। मच्छर उन्मूलन हेतु 5 स्प्रेयर पम्प द्वारा नालियों के जमाव पानी/गंदे स्थानों पर 3500 एमएल मैलाथियान के घोल का छिड़काव किया गया। जिला मलेरिया विभाग द्वारा प्राप्त सूचना अनुसार वार्ड 5 के गौतम नगर में निवासरत् कल्याण तांडी पिता शंकर तांड़ी उम्र 25 वर्ष को बुखार से प्रभावित होने के कारण दुर्ग जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है । जिला मलेरिया विभाग से राजकुमार मर्सकोले, मोहन राव, शहरी परिवार कल्याण केन्द्र सुपेला की एएनएम अमेरिया साहू, नगर निगम से शिविर प्रभारी श्री के0के0 सिंह, एवं मितानिन सती टण्डन, संयुक्त रुप से प्रभावित के घर के आसपास 300 मीटर के परिधि के अंतर्गत 381 घरों में गृह भेंटकर टंकी, कूलर की जांच की गई मच्छर रोधी जानकारी भी दिया गया, दवाई का छिड़काव किया गया।



नगर पालिक निगम भिलाई

# बजट के लिए चली मैराथन बैठक

**भिलाईनगर/**नगर पालिक निगम भिलाई के बजट बैठक में मुख्य रुप से आयुक्त श्री सुंदरानी, सभी विभाग प्रमुख, एवं जोन आयुक्त, लेखाधिकारी एवं राजस्व अधिकारी उपस्थित रहें। इस बैठक में गरीबी उपशमन, सामाजिक कल्याण, पर्यावरण एवं उद्यानिकी, पर्यटन संस्कृति मनोरंजन एवं विरासत, खाद्य विभाग, सामान्य प्रशासन, विधि एवं विधायी, राजस्व, लोककर्म, नगरीय नियोजन, शिक्षा एवं लोक कल्याण, भवन अनुज्ञा, जलकार्य, स्वास्थ्य और विद्युत यांत्रिकी मुख्य फोकस में रहे। 31 जनवरी तक आय की वास्तविक स्थिति निकाय की वार्डवार चल-अचल सम्पत्तियों का ब्यौरा, वास्तविक व्यय और सम्पादित कार्यों की समीक्षा की गई। इस बैठक में लम्बे समय से बजट पुस्तिका में एक अनिवार्य हिस्से के रुप में निकाय की चल-अचल सम्पत्ति का वितरण दिये जाने तथा बजट को नये कलेवर में प्रस्तुत किये जाने की बात तय हुई। नवाचारों और जन आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव देने तथा किसी भी कार्य के लिए राशि की कमी नहीं होने देने का आश्वासन महापौर ने दिया, साथ ही वास्तविक जरुरतमंदो को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए आवश्यक होने पर विधि सम्मत तरीके से स्थानीय सरकार द्वारा कैसे मदद पहुंच सकती है इसका मसौदा तैयार करने को कहा। छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति और धरोहर को बचाने तथा पर्यटन की नई सुविधाएं शहर में सुनिश्चित करने की बात कही। अपने कार्यकाल के प्रथम वर्ष में तय की गई माडल स्कूल, माडल बाजार और माडल स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना पर अब तेजी से कार्य कराये जाने का आश्वासन भी महापौर ने दिया।



भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर व भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव, जिलाधीश अंकित आनंद एवं निगम आयुक्त एस0के0सुंदरानी, यातायात पुलिस अधीक्षक गुरमीत सिंह, सेतु निगम के भुषण देव शेण्डे, नेशनल हाईवे जयंत वर्मा ने विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम कादंबरी नगर स्थित बस डिपो का निरीक्षण कर उसको यथाशीघ्र आरम्भ करने का निर्देश दिया। नेहरु नगर फ्लाई ओवर के तकनीकी दिक्कतों को दुर करते हुए उसे शीघ्र प्रारम्भ करने व अण्डरब्रिज का कार्य भी जल्द पूर्ण करने हेतु सेतु निगम, पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिया, डीएसपी ट्रैफिक गुरजीत सिंह ने अपनी कार्ययोजना से अवगत कराकर जल्द ही यातायात आरंभ करने की जानकारी दी। इसके बाद नेहरु नगर के पास कोसानगर बस डिपो का निरीक्षण कर उसे भी शीघ्र उपयोग योग्य बनाने के निर्देश दिये गये। प्रगति मार्केट के दौरे पर मेयर ने अपनी योजना बताकर कलेक्टर महोदय से उसे अमलीजामा देने का आग्रह किया तथा स्पष्ट किया कि हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता रोजगार मूलक कार्य है। पहली मंजिल पर दुकानें दूसरी मंजिल में बैंक व अन्य संस्थान जिसने राजस्व के प्राप्ति हो व तीसरी मंजिल पर मदर्स मार्केट जिसमें महिला समुहों को स्व-रोजगार की सुविधाएं मिले। शासकीय नवीन महाविद्यालय अण्डा चौक खुर्सीपार में निरीक्षण के दौरान प्राचार्या ने जानकारी दी कि 1000 से ज्यादा विद्यार्थी अध्ययनरत् है 9 गेस्ट टीचर सहित कुल 21 लोगों शैक्षणिक स्टाफ है



भिलाईनगर/ जिला मलेरिया विभाग के प्राप्त जानकारी अनुसार निगम क्षेत्रान्तर्गत वार्ड 28 छावनी बस्ती से संहेदास्पद डेंगू का एक मरीज जिला चिकित्सालय में भर्ती हुआ है जानकारी प्राप्त होते ही निगम आयुक्त एस0के0 सुंदरानी के दिये गये निर्देशों के परिपालन में शिविर दल द्वारा 21 फरवरी को छावनी बस्ती के अंतर्गत आदिवासी मोहल्ला में निवासरत् प्रभावित मरीज श्रीमती सरिता ठाकुर पति किशोर कुमार ठाकुर उम्र 40 वर्ष यादव सायकल स्टोर्स के पास निवासरत् है से घर सम्पर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई प्राप्त जानकारी अनुसार उपरोक्त मरीज 16 फरवरी को हाथ-पैर में दर्द हुआ अगले दिन सिर दर्द बुखार की शिकायत प्रारम्भ हुई ठीक नहीं होने पर 18 फरवरी को छावनी सरकारी अस्पताल दिखाया गया जहां खुन जांच करने के उपरान्त एन-01, एस-01 पाजिटीव होने पर जिला अस्पताल दुर्ग रिफर किया गया जहां आवश्यक उपचार दिया गया। निगम क्षेत्रान्तर्गत सतत् जनसमुदाय में जनजागरुकता लाने हेतु वार्ड में सेवारत् मितानिनों एवं आरोग्य समिति के सदस्यों को स्वाईन फ्लू /डेंगू के बचाव/ सुरक्षा के लिए शिविर दल द्वारा प्रेरित किया जा रहा है तथा अपने मोहल्ले में मितानिनों द्वारा घर-घर सम्पर्क कर आवश्यक स्वास्थ्य शिक्षा दी जा रही है



# आयुक्त, उपायुक्त ने अस्थाई आबंटन एवं सहमति पत्र प्रदान किया

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम, भिलाई की अभिनव योजना के तहत् गरीबों के लिए बनाये गये आवासों का सर्वेक्षण कार्य कर स्थल पर ही वास्तविक निवासरत् परिवार को अस्थाई आबंटन एवं आबंटिती आधार पर रह रहे परिवार की विडियोग्राफी की जा रही है। इस योजना के प्रथम चरण में नेहरु नगर में शासन की योजना के तहत् बनाये गये बाम्बे आवास योजना के 56 आवासों में काबिज परिवार को महापौर परिषद के सदस्य नीरज पाल, आयुक्त एस0के0 सुंदरानी, उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने अस्थाई आबंटन एवं सहमति पत्र प्रदान किया गया। शासन की योजना के तहत् गरीबों के लिए बनाये गये मकान में निवासरत् परिवार को नियमित करने के लिए महापौर देवेन्द्र यादव एवं आयुक्त एस0के0 सुंदरानी के निर्देश पर आवास/गुमटी आबंटन विभाग ने बाम्बे आवास, रैश्ने आवास, अटल आवास, आईएचएसडीपी आवासों में वर्तमान में काबिज परिवारों की विडियोग्राफी करवाकर उन्हे अस्थाई आबंटन एवं सहमति पत्र प्रदान किये जाने की योजना का प्रारम्भ बुधवार को नेहरु नगर बाम्बे आवास योजना फेस-01 से किया गया। इसी तरह काबिजी आधार पर निवासरत् 87 निवासियों को सहमति पत्र जारी किये गये जबकि सर्वेक्षण के दौरान 30 आवास ताला बंद मिलें। इस हेतु विडियोग्राफी कर परिवार के मुखिया का पहचान किया जाकर आॅफर लेटर प्रदान किया गया है। विभाग के प्रभारी अधिकारी मूर्ति शर्मा ने बताया कि सात दिवस के अंदर परिवार के मुखिया को निगम कार्यालय में उपस्थित होकर मतदाता परिचय पत्र, राशन कार्ड, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रमाणित आय प्रमाण पत्र, परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड, यदि दिव्यांग वरिष्ठ नागरिक हो तो प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, फोटोग्राफ्स, शपथ पत्र आदि दस्तावेज के साथ शासन द्वारा निर्धारित शुल्क जमा किया जाना होगा।






## निगम भिलाई में विभिन्न पदों पर पदस्थ 20 कर्मचारियों को आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने पदोन्नति आदेश जारी किया है

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई में विभिन्न पदों पर पदस्थ 20 कर्मचारियों को आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने पदोन्नति आदेश जारी किया है। महापौर देवेन्द्र यादव ने पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई दी है। उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिक निगम भिलाई में लंबे समय से एक ही पद पर कार्यरत् भृत्य, सफाई कामगार, लाईनमेन, कारपेंटर, राजस्व उप निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक एवं लिपिकीय वर्ग के कर्मचारियों को पदोन्नति पर रिक्त हुए पदों पर पदोन्नत किया गया है। जिसमें सहायक अधीक्षक श्रीमती कल्पना बैस, चिन्ताराम बंजारे, राजस्व निरीक्षक लिवन सिंह देशमुख, प्रकाश अग्रवाल, अनिल मेश्राम, सहायक ग्रेड-02 श्रीमती ज्योति त्रिवेदी, रीता चतुर्वेदी, राजस्व उप निरीक्षक सुनील जोशी, अश्वनी देशमुख, संतोष जोशी, सहायक राजस्व निरीक्षक मोतीलाल शर्मा, प्रहलाद, रमेशर, श्रीमती गैस्त्री बाई, सहायक ग्रेड-03 उमेश कुमार दुबे, जगजीवन लाल, रमेश कुर्रे, विरेन्द्र चतुर्वेदी, विकास बेलकर, चिन्ताराम वर्मा, डी0 रवि, आदि को शासन के पदोन्नति संबंधी प्राप्त दिशा निर्देश के तहत् इस शर्त के साथ कि उक्त कर्मचारी के कार्यालय में उपलब्ध अभिलेखों एवं प्रमाण-पत्रों के आधार पर पदोन्नति प्रदान की गई है। आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने सभी पदोन्नत हुए 20 कर्मचारियों को पदोन्नति आदेश प्रदान करते हुए उन्हे हार्दिक बधाई दी एवं कार्य के प्रति लगनशील व कर्मठ बनें रहने को कहा है।



# निगम बजट बिना चर्चा के 5 मिनट में विपक्ष ने किया अंगीकार

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के सभागार में भिलाई निगम के महापौर ने अपने कार्यकाल का चौथा बजट पेश किया दिन के ठीक 11 बजे सामान्य सभा की बैठक प्रारम्भ हुई। राष्ट्रगान के साथ सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव ने महापौर रहते हुए विधायक पद पर विजयी रहने पर श्री देवेन्द्र यादव को शुभकामनाएं और बधाईयां दी। उनके द्वारा अभिनंदन करने के पश्चात् सभी महापौर परिषद के सदस्यों, नेता प्रतिपक्ष और पक्ष तथा विपक्ष के सभी पार्षदों ने विधायक बनने पर देवेन्द्र यादव का स्वागत किया। माननीय विधायक ताम्रध्वज साहू के प्रतिनिधि के रुप में नवनियुक्त बृजमोहन सिंह का भी स्वागत सभापति, आयुक्त व अन्य सदस्यों ने किया । इसके बाद पुलवामा के शहीदों का श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया। अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार 5 मिनट के विश्राम के पश्चात् पुनः सभा आरम्भ हुई और जैसे ही एजेंडा का वाचन निगम सचिव जीवन वर्मा पढ़ा नेता प्रतिपक्ष और अन्यों ने इस बात पर एतराज जताते हुए कि बजट पुस्तिका पहले से उपलब्ध नहीं कराई गई तो इसमें बहस किये जाने का प्रश्न ही उठता अतः अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रस्तुत एजेंडे में बजट को अंगीकार किये जाने की बात को हम बिना बहस के स्वीकार करते हैं और बजट अंगीकार किया जाता है। सत्ता पक्ष ने इस बात पर एतराज करते हुए इसे शर्मनाक बताया है कि महापौर जी के प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने और बजट के प्रस्तुतीकरण के पहले ही विपक्ष का इस तरह से उसे अंगीकार कर लिया जाता है याने विपक्ष बजट मे चर्चा करने से घबराता है और सभापति सभा संचालन करने में असमर्थ है सत्ता पक्ष के अनेक सदस्यों ने जोर-जोर से नारा लगाते हुए सभापति से इस्तीफा मांगा। इसके बाद राष्ट्रगान के साथ सदन की कार्यवाही आगामी सत्र तक के लिए स्थगित कर दी गई।



## शासकीय कर्मचारियो का विदाई समारोह

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई में कार्यरत् श्रीमती ललिता साहू, पंचराम निषाद, एवं हेमलाल साहू के सेवानिवृत्त अवसर पर निगम सभागार में उपायुक्त तरूण पाल लहरे, जनसम्पर्क अधिकारी वाई राजेन्द्र राव, स्वास्थ्य अधिकारी आई एल यादव, सहायक राजस्व अधिकारी मूर्ति शर्मा ने शाल श्रीफल प्रतिक चिन्ह, एवं सेवानिवृत्त पश्चात प्रदान की जाने वाली राशि का चेक प्रदान कर बिदाई दी । इस अवसर पर सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को उनके सफल सेवा काल के लिए सभी ने बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । कार्यक्रम के अन्त में पुलवामा में शहीद हुए भारतीय सौनिको को दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया । कार्यक्रम में जीवन वर्मा, पुरूषोत्त अठभैया, धर्मेद्र मिश्रा बसंत देवांगन, रामायाण सिंह, मनीष चन्द्राकर, सदन लाल देवांगन, रविन्द्र देशपाण्डेय, देवाषिश, अप्पा राव  संजय शर्मा, शरद दुबे, करूणा, मुकेश चौबे, दिनेश बेन्डे, भारती, जशबीर कौर, सविता साहू, गीता साहू सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थें।



**Editorial Board**

श्री एस.के. सुन्दरानी
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई